p>

Title: Request to establish a Trauma Centre in Machlisahar.

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मेरा संसदीय क्षेत्र मछली शहर अत्यंत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। यह लोक सभा क्षेत्र वाराणसी शहर का पिंडरा विधान सभा क्षेत्र, मेरे संसदीय क्षेत्र मछली शहर में आता है। हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी के वाराणसी जिले में पिंडरा विधान सभा होने के नाते जनमानस को भरोसा है कि मछली शहर लोक सभा क्षेत्र का विकास होगा। मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र मछली शहर की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे संसदीय क्षेत्र में एक भी ट्रॉमा सेंटर नहीं है। दुर्घटना होने पर 120 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। प्राय: सुनने को मिलता है कि उक्त व्यक्ति का निधन हॉस्पिटल दूर होने के कारण रास्ते में ही हो गया है। जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने लोक सभा क्षेत्र मछलीशहर की जनता की परेशानियों को आपके माध्यम से अवगत कराना चाहता हूं। मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में जनहित में अतिशीघ्र मछली शहर विधान या मड़ियाहूं में खोलने का कष्ट करें। धन्यवाद।